तापमान
अधिकतम 15.7 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार,1 फरवरी 2024



12 जीएमएन कॉलेज में सूचना का अधिकार पर वाद -विवाद प्रतियोगिता




14 पीएम व सीएम मनोहर लाल ने ले रखी हेल्थ व एजूकेशन ...



## खबर संक्षेप

### देसी पिस्टल समेत हिसार का युवक गिरफ्तार

**बराड़ा।** सीआईए स्टाफ शहजादपुर की टीम ने एक युवक को 32 बोर की देसी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान हिसार के कुलाना के रविराज रूप में हुई है। आरोपी गांव थंबड़ में अपने किसी जानकार के पास रह रहा था।

### भ्रूण लिंग जांच के आरोपी को जेल भेजा

**अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र से भ्रूण लिंग जाँच के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी मनोज कुमार निवासी कैथ माजरी अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता महिला डा0 अधिकारी डिप्टी-सिविल सर्जन अम्बाला ने 30 जनवरी 2024 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी ।

### कार की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

**यमुनानगर।** बाइपास पुल पर कार की टक्कर लगने से एक्टिवा सवार पेपर मिल कर्मी मनमोहन की मौत हो गई। जबकि एक महिला घायल हो गई। पेपर मिल कॉलोनी निवासी विनीत कुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता मनमोहन सिंह एक्टिवा पर सवार होकर देर शाम करीब सवा सात बजे लौट रहे थे। जब उसके पिता बाईपास पुल के ऊपर पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही कार ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। इस दौरान आरोपी कार चालक ने सड़क किनारे चल रही आजाद नगर निवासी एक महिला निर्मला को भी टक्कर मार दी।

# गुरुओं के दिखाए रास्तों पर चलकर समाज की भलाई के लिए करें कार्य : मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने हरियाणा के सिखों की सेवा में खट्टर नामक पुस्तक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ सिख गुरु परंपराओं व उनकी स्मृतियों को संजोने के लिए पिपली में बनेगा भव्य स्मारक

सिख गुरु परंपराओं व उनकी स्मृतियों को संजोने की दिशा में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में पिपली के नजदीक एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा, जिसमें सभी सभी सिख गुरुओं की हरियाणा में जो भी निशानियां व स्मृतियां हैं, उन्हें इस स्मारक में संरक्षित किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ी गुरुओं के जीवन में मानवता की सेवा का अमर संदेश की प्रेरणा ले सकें। यह संग्रहालय निश्चित ही एक पर्यटन का केन्द्र बनेगा। मुख्यमंत्री बुधवार को जिला कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र विवि में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के सिखों की सेवा में खट्टर नामक पुस्तक का विमोचन करने उपरांत उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लेखक और प्रकाशक को इस पुस्तक का टाइटल बदलने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुस्तक में पिछले साढ़े 9 सालों में सिख गुरुओं के इतिहास को संजोने के लिए किए गए अनेक कार्यों जैसे गुरु नानक देव जी, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व व गुरु तेग बहादुर जी, बाबा बंदा सिंह बहादुर जी से संबंधित जितने भी कार्यक्रम हुए हैं, उनका उल्लेख किया गया है। उन्होंने पुस्तक के लेखक डॉ प्रभलीन सिंह तथा पुस्तक के प्रकाशन हेतु सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ की सराहना की।



**कुरुक्षेत्र।** पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

यह पुस्तक अंग्रेजी, हिन्दी और पंजाबी तीनों भाषाओं में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख राज्य की स्थापना करने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर की राजधानी लोहगढ़, जिला यमुनानगर में देश और दुनिया के लिए बेहतरीन भव्य स्मारक बनाया जाएगा। इसके लिए लोहगढ़ ट्रस्ट को 20 एकड़ जमीन दे दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला सोनीपत के बडखालसा गांव के सिख युवक भाई कुशाल सिंह दहिया ने गुरु तेग बहादुर जी के शीश के स्थान पर अपने शीश का दान दिया, ताकि गुरु जी का शीश आनंदपुर साहिब पहुंच जाए, उनकी ये कुबार्नी हम सभी को याद रहेगी। उनकी इस शहादत के सम्मान में हमने बडखालसा में एक स्मारक बनाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए अलग से चुनाव आयोग बनाया गया है और यह उम्मीद है कि चुनाव कार्यक्रम जल्द जारी हो जाए, ताकि चुनी हुई कमेटी सही तरीके से गुरु घरों की संभाल कर सके।

सांसद संजय भाटिया ने लेखक डॉ. प्रभलीन और डीजीआईपीआर मंदीप सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की। राज्यमंत्री संदीप सिंह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच के कारण ही आज कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर एक नया इतिहास जुड़ा है। एचएसजीपीसी के महासचिव एवं प्रवक्ता रमणीक सिंह मान ने अच्छे और सफल आयोजन के लिए डीजीआईपीआर मंदीप सिंह और पुस्तक लेखन के लिए डॉ. प्रभलीन सिंह की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पर्यावरणविद सतेन्द्र सिंह बंगा, समाजसेवी कार्यकर्ता हरप्रीत कौर, प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र सिंह बैदवाला ने भी अपने विचार रखे। मंच का संचालन डॉ. कुलदीप सिंह ने किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर सूचना जन सम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह, उपायुक्त शांतनु शर्मा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भौरिया, पद्मश्री जगजीत सिंह दर्दी, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, एचएसजीपीसी के प्रवक्ता कंवलजीत सिंह अजराना, सदस्य रविन्द्र कौर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल सुधा, समाजसेवी लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह चीका, मोहनजीत सिंह, जगसीर सिंह मांगना, विनर सिंह, गुरबख्श सिंह, छत्रपाल सिंह, तेजेन्द्र सिंह, इकबाल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मौसम का बदला मिजाज बूंदाबांदी ने बढ़ाई कंपकंपी



**कुरुक्षेत्र।** बूंदाबांदी में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ ठंड से बचने के लिए लोगों को अलाव का लेना पड़ा सहारा

बुधवार सुबह एकाएक मौसम का मिजाज बदला। ठंडी हवाओं के बीच बूंदाबांदी होने लगी। बुधवार को अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एक फरवरी वीरवार को भी बारिश होने की संभावना है। बूंदाबांदी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर, लोग ठंड से बचने के लिए अलाव के माध्यम से ठंड से बचने का प्रयास करते दिखाई दिए। ठंडी तेज हवाएं चलने के कारण लोग अपने घरों में बैठने को मजबूर हो गए जिसके चलते अन्य दिनों की अपेक्षा सांय के समय पाकार्ं में लोगों की चहल- कदमी कम ही रही। बूंदाबांदी और तेज हवाओं के चलते के कारण बाजार में भी कारोबार पर असर दिखाई दिया। सांय के समय बाजार में लोगों की आवाजाही काफी कम ही रही। वहीं चिकित्सक भी बुजगार्ं को सुबह और शाम के समय सैर नहीं करने की सलाह दे रहे हैं। बारिश के कारण जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। वहीं बरसात से खेतों में खड़ी गेहूं व चारे की फसल को लाभ हुआ है। किसानों का कहना है कि बरसात गेहूं की फसल में खाद की तरह लग रही है और इससे ठंड बढ़ने से गेहूं की फसल को काफी लाभ होगा। किसानों का कहना है अधिक बरसात होने से सरसों- तोडिया,सब्जी, फूल व चारे की फसल को नुकसान हो सकता है। कृषि विशेषज्ञ के मुताबिक इस समय गेहूं की फसल के लिए बारिश वरदान से कम नहीं है। बारिश गेहूं फसल में सिंचाई की कमी को पूरा करेगी व तापमान में गिरावट आने से गेहूं की बढ़वार को फायदा होगा।

## तेज रफ्तार कार ने भेड़ों को कुचला, 25 ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला में तेज रफ्तार एक गाड़ी ने सडक़ पर चल रही भेड़ों को रौंद दिया। हादसे में 25 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक युवक को भी चोट आई है। घटना मंगलवार देर शाम अंबाला जिले के गांव बिहटा-घसीटपुर रोड की है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। गांव बिहटा के लाल चंद ने बताया कि उसके पास 100-150 भेड़ थी। मंगलवार शाम को घसीटपुर की तरफ से भेड़ को लेकर अपने घर की तरफ आ रहा था। इसी बीच गांव बिहटा की तरफ से तेज रफ्तार एक बीट कार आई और सीधे उसकी भेड़ों के झुंड में घुस गई। भेड़ों को रौंदते हुए ड्राइवर फरार हो गया। इस हादसे में उसके साथी मुकेश को भी चोटें आई हैं। पीड़ित लाल चंद ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद उसने डायल-112 को सूचना दी। टीम पहुंची,लेकिन आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

## कंपनी में जमा कराने के नाम पर लोगों से हड़पे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ग्लोब ऑटो मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी ने कंपनी में जमा कराने के नाम पर लोगों से लिए 15 लाख हड़प लिए। सदर जगाधरी पुलिस ने आरोपी गढ़ी जाटान निवासी संजीव दालियान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगाधरी के हनुमान गेट निवासी भूपेश कांबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कैल गांव के पास ग्लोब ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। करनाल के गांव गढ़ी जाटान निवासी संजीव दालियान पहले उनकी कंपनी में सेल डिपार्टमेंट में कार्यरत था। इस दौरान आरोपी ने कुछ कस्टमर से नकद लिए। लेकिन वह रुपये कंपनी में जमा नहीं करवाए। आरोप है कि आरोपी ने कस्टमर से रुपये लेने के बाद उन्हें कोई रसीद भी नहीं दी। आरोपी ने धोखाधड़ी करते हुए पैसे किसी अन्य व्यक्ति से उनकी कंपनी के खाते में लिए और रसीद दूसरे व्यक्ति के नाम से बना दी। जब कुछ कस्टमर उनके पास आरोपी की शिकायत लेकर आए तो उन्होंने जांच करवाई। जांच में लगभग 15 लाख रुपये की राशि आरोपी ने हेराफेरी कर हड़प ली। 2 मार्च को आरोपी को कंपनी से बर्खास्त कर दिया गया।




## खबर संक्षेप

### 22वा सामूहिक विवाह महोत्सव 14 फरवरी को

**घरौंडा।** शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा 22वा सामूहिक विवाह महोत्सव 14 फरवरी बसंत पंचमी को आयोजित किया जाएगा जिसमें 11 लड़कियों का विवाह करवाया जाएगा. इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद और शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा 12 दिवसीय सांग महोत्सव भी 1 से 12 फ़रवरी तक आयोजित किया जायेगा. शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह पिछले 21 वर्षों से लड़कियों की शादियां कराई जा रही है इस वर्ष भी 22वा सामूहिक विवाह महोत्सव में 11 कन्याओं का विवाह 14 फरवरी को नई अनाज मंडी घरौंडा में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।

### शिक्षित चेहरों को आगे लाने से कांग्रेस होगी मजबूत

**तरावड़ी।** कांग्रेस हाईकमान ने नये व युवा चेहरे मनोज बागड़ी को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का चेयरमैन नियुक्त करने से प्रदेश के दलित युवाओं में एक नई स्फूर्ति व जोश का संचार हुआ है व कांग्रेस पार्टी को इसका पुरे प्रदेश में फायदा होगा उक्त विचार हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व पीसीसी डेलीगेट प्रोफेसर राजेश वैध ने अपने आवास पर नवनियुक्त चेयरमैन मनोज बागड़ी का स्वागत करते हुए व्यक्त किये।

### कापड़ो आएंगे कल डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

**उचाना।** काकड़ोद गांव के पूर्व सरपंच मनोज शर्मा ने बताया कि हलके के साथ लगते गांव कापड़ो में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला दो फरवरी को आएंगे। इस दिन नारनौंद हलके के सात गांवों में डिप्टी सीएम पहुंचेंगे। नारनौंद हलके के मिर्चपुर, कापड़ो, खेड़ी जालब, मिलकपुर, ढाणी सांकरी, सोरखी, बांडाहेड़ी गांव में डिप्टी सीएम जाएंगे।

### कांग्रेस संदेश यात्रा का जींद में होगा स्वागत

**जींद।** कांग्रेस संदेश यात्रा आज जींद पहुंचेगी। युवा कांग्रेस अध्यक्ष जींद सूरज रेढू ने बताया कि कांग्रेस संदेश यात्रा 4 बजे जींद में प्रवेश करेगी। युवाओं और जींद के लोग कांग्रेस संदेश यात्रा का स्वागत किया जाएगा व जाट धर्मशाला में जनसभा का आयोजन होगा। कांग्रेस संदेश यात्रा का संदेश लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, महासचिव कुमारी शैलजा व विधायक किरण चौधरी पहुंचेंगी।

### धडौली गोशाला संचालन की मांगी अनुमति

**जींद।** गांव मोहम्मदखेड़ा, बनियखेड़ा, अमरावलीखेड़ा, खरकगादियां, जामनी के सरपंचों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा और धड़ौली गौशाला को चलाने व प्रधान बनाने की मांग की। अमित शास्त्री ने कहा कि वो गौशाला धड़ौली के आसपास के रहने वाले हैं व गोभक्त हैं। सभी आचार्य बलदेव की मान्यता पर चलने वाले है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च को: सीजेएम

**जींद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नौ मार्च को जींद स्थित न्यायिक परिसर सहित उपमंडल नरवाना व सफीदों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही प्रति माह वित्तीय सहायता

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले दो वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लंबी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तिय सहायता का लाभ पात्र है।

## अभिनेता अमन वर्मा व अभिनेत्री खुशी चौधरी ने की शिरकत

# राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित हुई देश की महान हस्तियां

### एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन ने किया राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल। करनाल में आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवियों को सम्मानित करते अभिनेता अमन वर्मा व अभिनेत्री खुशी चौधरी। फोटो : हरिभूमि

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन डिवेंचर होटल में किया गया। जिसमें फिल्म अभिनेता अमन वर्मा एवं फिल्म अभिनेत्री खुशी चौधरी ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणजोध सिंह ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मुख्य निदेशक विशाल काठ, उत्तर प्रदेश के चेयरमैन गौरव गाबा व राष्ट्रीय निदेशक सुनील गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ डॉ निशा गुप्ता ने शिरकत की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा व डॉ रणजोध सिंह ने सभी अवार्डीस को शुभकामनाएं दी। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए सम्पूर्ण भारतवर्ष में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन व मानवाधिकारों के लिए कार्य कर रहे देश के विभिन्न राज्यों की महान हस्तियों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

#### ये हुए सम्मानित

सम्मानित होने वालो में विजय जैन, पवन शर्मा, संजीव सीकरी, विकास जैन, डॉ गुरप्रीत कौर, जसबीर सिंह, कामिनी कौशल, नीरज कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, मोहम्मद खालिद, सुमन सूद, बिक्रम चौधरी, धनंजय प्रभाकर महात्रे, डॉ जसवीर सिंह, हरमीत सिंह, इंदरजीत गाबा, योगेश गोयल, डॉ सुभाष गौर, लाभांश गर्ग, बलविंदर कौर, सुरेश कुमार, हरप्रीत कौर देओल, नीलम ठाकुर, पवन देवगन ठाकुर, विपिन शर्मा, सतीश मल्होत्रा, मुकेश गुलाटी, दिनेश गुलाटी, शैली शर्मा, हिमांशी चौहान, सुनीता गुप्ता, राजकुमार सिक्का, अनिल कुमार मलिक, कृष्णा गुप्ता, सावी चौधरी, पायल मित्तल, फिरदौस अली, शैलजा गुप्ता , अजीत राही, पंकज गर्ग, चरणजीत कौर, डॉ स्वर्णलता काठपाल आदि शामिल रहे।

# प्लेस ऑफ सेफ्टी का किया निरीक्षण

- किशोर बंदियों को दी जा रही सुविधाओं को लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल। प्लेस ओफ सेफ्टी मधुबन का निरीक्षण करते सैशन जज व सीजेएम।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरपर्सन चंद्रशेखर और सीजेएम जसबीर ने बुधवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी, मधुबन करनाल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बाल कैदियों से वार्तालाप की और दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद जिला व सत्र न्यायाधीश ने उनको परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए भी जागरूक किया ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा अपने आगे के अध्ययन में सुधार करना चाहता है तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, करनाल से संपर्क कर सकता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों/कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया ताकि बच्चों/ कैदियों को कानूनी सेवायें प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके।

## स्वर्गीय लाला सतपाल गोयल की स्मृति में बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किये



**तरावड़ी।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में टिवनिंग कार्यक्रम के तहत श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल में छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस कार्यक्रम का निर्देशन स्कूल के प्रधानाचार्य पवन कुमार ने किया। इस कार्यक्रम की अगवाई प्रध्यापिका श्रीमती सविता एवं श्रीमती मंजू बाला ने की। इस कार्यक्रम के तहत छात्र सिरी गुरु तेग बहादुर स्कूल के छात्रों से रूबरू हुए । जिसके अंतर्गत छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात छात्रों ने विभिन्न संस्कृति शैक्षणिक मनोरंजन तथा खेलकूद से संबंधित गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सर्वजीत कौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में होते रहने चाहिए। जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होने में अहम भूमिका रहती है। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। तथा अंत में जलपान की सुव्यवस्था की गई और सभी छात्र खूब आनंदित हुए।

## चिरायु योजना के लाभ के लिए आगे आएं लोग

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से आयुष्मान भारत के तहत चिरायु हरियाणा योजना का विस्तार किया गया है, जिसके तहत ऑनलाइन आवेदन जमा करवाए जा सकते हैं। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा 1.80 लाख से 3 लाख तक की वार्षिक आय वाले नागरिकों को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया गया है और अब ऐसे लोग भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेने के हकदार हैं। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को 1500 रुपए सालाना प्रीमियम अदा करना होगा। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति जिनकी आय 1.80 लाख से 3 लाख सालाना के बीच है वे सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या नजदीकी सीएससी सेंटर के माध्यम से या अपने मोबाइल से पोर्टल पर स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

## प्रताप पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया अस्पताल का दौरा



**तरावड़ी।** किसी अस्पताल का दौरा अपने आप में एक अनुभव है। चिकित्सा क्षेत्र में खुद को सफल देखने के उद्देश्य से इच्छुक छात्रों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा आयोजित किया गया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को एक डॉक्टर की जिम्मेदारियों और जीवन शैली के बारे में जागरूक करना था। डॉक्टरों और काउंसलर ने उन्हें विभिन्न बीमारियों और उनकी सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होने छात्रों को यह भी मार्गदर्शन दिया कि नीट परीक्षा की तैयारी कैसे करें। काउंसलर ने उन्हें युवावस्था के दौरान, किशोरों के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन दिया। छात्रों को अस्पताल के सभी वार्डों का दौरा कराया गया और उन्हें मरीजों के इलाज में उपयोग की जाने वाली विभिन्न मशीनरी के महत्व के बारे में जानने का मौका मिला। यह दौरा बहुत अच्छी तरह से व्यवस्थित और योजनाबद्ध था। प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने भी छात्रों को एक डॉक्टर द्वारा राष्ट्र के प्रति निभाए जाने वाले कर्तव्यों के बारे में मार्गदर्शन किया।

# महिला किसान ने उड़ाया ड्रोन

- ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के छिड़काव का एसीएस ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



करनाल। ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के छिड़काव का अवलोकन करते एसीएस।

किसानों को फसलों में ड्रोन से छिड़काव करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला के गांवशामगढ़ में बुधवार को कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल और निदेशक राजनारायण कौशिक ने ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव का अवलोकन व निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 100 किसान मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा ने किसानों से ड्रोन सिंचाई के बारे में विस्तार से वार्तालाप किया तथा किसानों से ड्रोन के इस्तेमाल बारे सुझाव मांगे तथा आश्वासन दिया कि भविष्य में इस बारे हरियाणा सरकार द्वारा और बेहतर कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाई गई नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत प्रशिक्षित महिला किसान द्वारा मुख्य अतिथि को ड्रोन उड़ाकर दिखाया गया और महिला किसान से तकनीकी जानकारी बारे सुझाव मांगे गये। इस मौके पर इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा जिला करनाल के प्रशिक्षित किसानों को ड्रोन के साथ बैटरी चालित टेम्पो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## जरूरतमंद बच्चों को बांटे गर्म वस्त्र



**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नजदीक बड़ा गुरुद्वारा में गर्म वस्त्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के सरंक्षक पंकज गोयल निर्माता 521 बासमती चावल परिवार के द्वारा लाला स्वर्गीय श्री सतपाल गोयल की स्मृति में किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि 521 बासमती चावल के निर्माता पंकज गोयल ने कहा कि गर्म वस्त्र वितरण का कार्यक्रम अपने पिताजी स्वर्गीय श्री सतपाल गोयल की याद में स्कूली बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण किए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा स्कूल के बच्चों के सहयोग के लिये हमेशा स्कूल के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर शाखा प्रधान योगेश मिडडा ने धन्यवाद करते हुए कहा कि पंकज गोयल की ओर से समय-समय पर समाज हित के कार्यों में शाखा को सहयोग मिलता रहता है। हम उनका आभार व्यक्त करते हैं और उन्होंने यह भी आश्वासन दिया की समय-समय पर स्कूल के बच्चों के पढ़ाई के लिए अगर किसी सहयोग की जरूरत है वह हमेशा उनके साथ खड़े हैं।

# घरौंडा में ड्राइविंग लाइसेंस बनने शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा

घरौंडा के लोगों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने या रिन्यु करवाने के लिए करनाल के नए बस अड्डे के समीप बनाए गए नए ड्राइविंग इंस्टीट्यूट जाने से निजात मिल गई है। अब फिर से ड्राइविंग लाइसेंस घरौंडा में बनने लगेंगे। विधायक हरविंदर कल्याण के प्रयासों से क्षेत्रवासियो को सुविधा मिल पाई है। जिसको लेकर लोगों ने विधायक हरविंदर कल्याण का आभार जताया है। ग़ौरतलब है कि करनाल में हीरो कंपनी द्वारा सरकार की सीएसआर की पालिसी के तहत एक आधुनिक ड्राइविंग इंस्टीट्यूट का निर्माण करवाया गया था। जिसके बाद वहाँ पर ड्राइविंग का प्रशिक्षण देने के साथ -साथ पूरे ज़िले के लोगों को नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने व लाइसेंस रिन्यु करने का कार्य किया जाता है। इस व्यवस्था के करनाल स्थानांतरित होने के बाद घरौंडा के लोगों को दूरी के कारण काफ़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते विधायक हरविंदर कल्याण ने इस मामले में हस्तक्षेप कर इसकी पूरी जानकारी ली तथा अधिकारियों से चर्चा करके यह सुविधा दोबारा घरौंडा में शुरू करवाईं जिससे स्थानीय लोगों को बहुत राहत मिलेगी।

#### विधायक के हस्तक्षेप पर प्रशासन ने लिया फ़ैसला

नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने बातचीत के दौरान बताया कि विधायक हरविंद्र कल्याण के प्रयास से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा फिर से घरौंडा मे शुरू कराना अति सराहनीय है। अब लोगो को इस तरह के कार्यों के लिए करनाल नहीं जाना पड़ेगा। गाँव रायपुर जाटान निवासी सत्यवान काजल ने बताया कि करनाल में ड्राइविंग लाइसेंस बनने से यहाँ के लोगों को काफ़ी असुविधा हो रही थी, लेकिन विधायक कल्याण के प्रयासों से ड्राइविंग लाइसेंस दोबारा घरौंडा में बनने शुरू हो गए है। जिससे लोगों को काफ़ी लाभ होगा घरौंडा निवासी भंवर राणा ने बताया कि पिछले कुछ समय से घरौंडा विधानसभा के लोगो को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए करनाल जाना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के लोग हल्का विधायक हरविंद्र कल्याण से मिले थे। जिसके परिणाम स्वरूप ड्राविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा फिर से घरौंडा मे शुरू की गई है।

### चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू की

**घरौंडा।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। जिसको लेकर चुनाव आयोग ने मतदाताओं को उनके मत का उपयोग करने का जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। अभियान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में चलाया जा रहा है। अभियान में मतदाताओ का संश्य भी दूर किया जा रहा है कि वोट उसी प्रत्याशी पर वोट जाता है, जिस पर वे वोट डालते हैं अन्य किसी प्रत्याशी पर वोट नहीं जाता। बुधवार को चुनाव आयोग ने नगरपालिका, खंड विकास व पंचायत अधिकारी, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी व राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया जागरूकता अभियान में मतदाताओं को ईवीएम मशीन की भी जानकारी दी जा रही है।

# अनिल विज से मिले चिकित्सक


हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



सामाजिक चिकित्सक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को चंडीगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज व सीएम के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती से मिला। महासंघ ने मंत्री के समक्ष मांग रखी कि हरियाणा में कार्यरत आरएमपी की ट्रेनिंग करवा कर उन्हें जन सेवा के लिए पंजीकृत किया जाए। मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही हरियाणा के आरएमपी की ट्रेनिंग शुरू करवाई जाएगी। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुरेश शर्मा ने बताया कि हरियाणा में लगभग 70 हजार आरएमी डॉक्टर हैं। 40 से 50 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। जनता को 24 घंटे और सस्ता इलाज देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार व झारखंड राज्य में सरकार ने आरएमपी की ट्रेनिंग करवा दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार से यह भी मांग है कि आरएमी पर छापेमारी बंद करवाई जाए। अगर कोई मामला सामने आता है तो इसमें आरएमपी का पक्ष भी सुना जाए। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष सैनी, प्रदेश अध्यक्ष डा. सुरेश शर्मा, संगठन सचिव बलबीर कौशिक, उपाध्यक्ष कालाराम, पानीपत प्रधान रमेश ढांडा, कुरुक्षेत्र प्रधान राकेश गुप्ता, कैथल प्रधान तेजपाल, राज्य सचिव बलजीत सैनी, यमुनानगर प्रधान अनुज शर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य डा. सुरेंद्र, सोहनलाल व करनाल महासचिव राज पौडिया शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री के नाम डी.सी. को ज्ञापन सौपेंगे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



सरपंच एसोसिएशन नीलोखेड़ी के प्रधान स. भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। सरकार की गलत नीतियों से सही तरीके से गांव का विकास नही हो पाया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ पक्की सडक़ें, खेल स्टेडियम, कम्यूनिटी सैंटर व पार्क समेत कई सुविधाओं की जरूरत हैं, लेकिन अधिकतर गांवों में यह सुविधाएं नही हैं, जिसके चलते सरपंचों के लिए परेशानी खड़ी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि सरंपच अपनी मांगों को लेकर एकत्रित होकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। लाडी तरावड़ी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सरपंचों के हक छीन लिए जाने के विरोध में सभी सरपंच 1 फरवरी वीरवार को सुबह करीब 11 बजे बी.डी.पी.ओ. कार्यालय नीलोखेड़ी में एकत्रित होंगे। इसके बाद करीब 12 बजे पूरे काफिले के साथ नीलोखेड़ी से करनाल डीसी कार्यालय की तरफ कूच करेंगे और करीब 2 बजे करनाल के डी.सी. अनीश यादव को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सरंपचों की मांगों ओर हकों को छीनने बारे ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## हर साल 16 हजार नए मामले आ रहे हैं सामने

# महिलाओं में फैल रहा है गर्भशिय का कैंसर

- कैंसर के शुरूआती लक्षणों को देखते ही कराएं जांच ना बरतें लापरवाही
- रोबोट-एडेड सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक इलाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल




बढ़ती उम्र की महिलाओं में गर्भाशा का कैंसर बढ़ रहा है यदि समय रहते जांच न कराई गई तो मरीज की जान पर भी बन सकती है इसलिए लक्षण दिखाई देते ही जांच कराएं ताकि समय रहते ही उपचार शुरू हो सके। विशेष कर 45 की उम्र के बाद महिलाओं को सावधान होना चाहिए। वहीं इसमें राहत भरी बात यह भी है कि रोबोट-एडेड सर्जरी के माध्यम से इसका सफलतापूर्वक इलाज संभव है। महिलाओं को जागरुक करते हुए करनाल में आयोजित एक सेमिनार में डॉ. श्वेता तहलान, कंसल्टेंट, गायनी ओन्को-सर्जरी, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली बताती हैं कि उन्होंने गर्भाशय कैंसर से पीड़ित दो महिला रोगियों का इलाज किया है, दोनों की उम्र 65 वर्ष से अधिक है, जिससे वे सर्जरी के तुरंत बाद अपने सामान्य जीवन में लौटने में सक्षम हो पाई हैं। पहले मामले में, मोटापे और कई मेडिकल समस्याओं से जूझ रही एक 73 वर्षीय महिला रजोनिवृत्ति के बाद योनि से रक्तस्त्राव, असामान्य योनि स्त्राव और पैल्विक दर्द के साथ फोर्टिस अस्पताल मोहाली में पहुंची। मेडिकल जांच (एंडोमेट्रियल बायोप्सी और इमेजिंग) से पता चला कि गर्भाशय का कैंसर उसके गर्भाशय तक ही सीमित था। डॉ. तहलान ने रोबोट-एडेड तकनीक के माध्यम से उनकी आमूल-चूल सर्जरी की। एक अन्य मामले में, एकल कार्यात्मक किडनी वाली करनाल की ही 67 वर्षीय महिला को गर्भाशय कैंसर का पता चला था।

#### गर्भाशय कैंसर के मरीज़ आमतौर पर बूढ़े मोटापे से ग्रस्त

मामलों पर चर्चा करते हुए, डॉ. तहलान ने कहा, ₹गर्भाशय कैंसर के मरीज आमतौर पर बूढ़े, मोटापे से ग्रस्त होते हैं और उन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग आदि जैसी मेडिकल समस्याएं होती हैं। रोबोट-एडेड सर्जरी के लाभों पर, डॉ. तहलान ने कहा रोबोटिक प्लेटफॉर्म सटीक सर्जरी, कम रक्त स्त्राव, कम से कम दर्द, कम घाव, कम समय में अस्पताल में रहना और तेजी से रिकवरी को सुनिश्चित करता है ।

#### यह लक्षण दिखे तो तुरंत कराएं जांच

उम्रदाराज महिलाओं में यह कैंसर तेजी से फैलता है लेकिन इसके लक्षणों से इसकी पहचान की जा सकती है महिलाओं में अनियमित पीरियड रक्तस्राव और गंदे पानी का आना इसके शुरुआती लक्षण है जैसे यह लक्षण दिखाई दें तो उसकी तुरंत जांच कराएं

## खबर संक्षेप

### ऑर्थो वॉकाथॉन आयोजित

**पानीपत।** क्षतिग्रस्त जोड़ों या हड्डियों के खराब स्वास्थ्य से उत्पन्न होने वाली गतिशीलता संबंधी समस्याएं अक्सर गतिहीन जीवनशैली का कारण बनती हैं। इस चिंता को देखते हुए मुनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन एमएचएफ एक पंजीकृत चैरिटी संगठन जो पूरे भारत में विशेष आर्थोपेडिक देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है ने देश में पहली बार ऑर्थो वॉकथॉन ओडब्ल्यूएन का आयोजन किया। डॉ. शिल्पा मूनोट निदेशक मूनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन ने कहा लगभग 200 रोगियों ने जिनकी उम्र 12 वर्ष से लेकर 85 वर्ष तक की थी इस कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. प्रदीप मूनोट, राजकुमारी परमार, संगीता शाह आदि ने भी इसमें भाग लिया।

### बिंझौल के शिक्षक सतपाल हुए सेवानिवृत्त

**पानीपत।** राजकीय हाई स्कूल बिंझौल से आज सतपाल सिंह सेवानिवृत्त हो गए। स्कूल में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें साथी अध्यापकों ने उनका सम्मान किया तथा उनके निवास तक उनको छोडने पहुंचे। शिक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने बच्चों की पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के लिए अधिक से अधिक काम किया और अब सेवानिवृत्त होने के बाद भी बच्चों और समाज की भलाई के काम करता रहूंगा।इस अवसर पर शिक्षक राजेन्द्र मलिक, सतीश, जसवंत प्राइमरी स्कूल मुखिया अनिता देवी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### धर्मबीर बने इसराना यूनिट के प्रधान

**इसराना।** बिजली सब स्टेशन इसराना में मंगलवार को ऑल हरियाणा पावर वर्कर्स यूनियन की बैठक में सब युनिट इसराना का चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सब अर्बन प्रधान सतेंद्र पुनिया व मंच संचालन युनिट सचिव शिवकुमार ने किया। बैठक में राज्य उपप्रधान जितेंद्र सैनी की अध्यक्षता मे सर्वसमिति से सब युनिट इसराना का सब युनिट प्रधान लाइनमैन धर्मबीर, उपप्रधान एएलएम बलकार, सचिव युडीसी संदीप राठी, सहसचिव लाइनमैन रमेश कुमार व कैशियर एसए जितेंद्र को चुना गया है।

### समालखा में जाम जैसे हालात

**समालखा।** समालखा सर्विस रोड पर रेहड़ी व दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते दोपहर करीब दो से तीन बजे तक जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। जाम के चलते वाहन चालक आपस में दो-चार होते रहते हैं। जाम का मुख्य कारण ईको गाड़ी और शहर में सैकड़ों की संख्या में घूम रही बैटरी रिक्शा हैं। दोपहर दो बजे स्कूलों की छुट्टी होने से शहर में एक दम से बसों की संख्या बढ़ जाती है। जिसके चलते आए दिन जाम जैसी स्थिति बन जाती है। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है।

### अग्निवीर परीक्षा को आवेदन मांगें

**पानीपत।** भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर योजना के तहत अग्निवीर वायु प्रवेश वर्ष 2025 हेतु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन पंजीकरण 6 फरवरी तक किए जा सकते हैं। जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से आयोजित होगी। पात्र उम्मीदवार पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायुडॉट सीडैक डॉट आईएन पर लॉगिन कर सकते हैं।

### श्री श्याम ध्वज पदयात्रा को लेकर बैठक

**पानीपत।** वृंदावन ट्रस्ट पानीपत द्वारा 12वीं श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा 17 मार्च को गोहाना मोड़ सुविधा शोरूम के सामने पुल के नीचे से चुलकाना धाम तक निकाली जाएगी। जिसको लेकर वृंदावन ट्रस्ट के कार्यालय में महिला मंडल की मीटिंग हुई। बैठक में प्रधान राकेश बंसल, महासचिव हरीश बंसल, राहुल गुप्ता, आशीष गर्ग, सुनीता भारद्वाज, मंजू गोयल, ज्योति, अमृता, सुनीता भारद्वाज, मंजू गोयल, कांता रानी, सविता रानी, ज्योति, कनिका, संगीता शर्मा व अमृत मान आदि मौजूद रहे।

---

डीएवी पीजी कॉलेज, करनाल में 27 से 29 जनवरी तक किया गया युवा महोत्सव

# आर्य कॉलेज ने इंटर जोनल युवा महोत्सव में 9वीं बार ओवरऑल ट्रॉफी जीती

युवा मोहत्सव में 17 विधाओं में प्रथम, 10 में द्वितीय, दो विधाओं में तृतीय पुरस्कार हासिल किए, विजेताओं को कॉलेज प्रशासन ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के 44वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का आयोजन डी.ए.वी पीजी कॉलेज, करनाल में 27 से 29 जनवरी तक किया गया। जिसमें 70 से ज्यादा महाविद्यालयों के चार जोन के प्रतिभागियों ने 42 विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां दी। जोनल युवा महोत्सव की तरह ही इंटर जोनल युवा महोत्सव में भी आर्य महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 9वीं बार ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया है। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि के अवसर पर आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति ने आज विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज में सम्मान करते हुए विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला, निखिल शिंगला व सभी सम्मानित सदस्यों और प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों व पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी। इधर, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला ने कहा कि इस जीत का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों व प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के कुशल नेतृत्व को जाता है। वही, महासचिव सीए कमल किशोर ने कहा कि प्रबंधन समिति का हमेशा यह प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए हर प्रकार की सुविधाएं निरंतर उपलब्ध करवाई जाएं। प्रबंधक समिति के सदस्य निखिल शिंगला ने कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है कि हमारे कॉलेज के विद्यार्थी हर क्षेत्र में कॉलेज के साथ-साथ अपने जिले और राज्य का नाम भी रोशन कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 44वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का आयोजन डी.ए.वी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, करनाल में 27 से 29 जनवरी तक किया गया। आर्य कॉलेज के प्रतिभागियों ने 17 विधाओं में प्रथम और 10 विधाओं में द्वितीय व दो विधाओं में तृतीय पुरस्कार हासिल कर 9वीं बार ओवर ऑल ट्रॉफी हासिल की। साथ ही उन्होंने बताया कि आर्य कॉलेज करनाल जोन में लगातार 18 बार से विजेता बनता आ रहा है। छह बार रत्नावली में ओवर ऑल ट्रॉफी हासिल करने के साथ कई बार ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी का और कई बार साउथ एशियन इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में देश का प्रतिनिधित्व भी कर चुका है। उन्होंने कॉलेज के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ. रामनिवास, मीनाक्षी चौधरी, डॉ. विजय सिंह, डॉ. नीलु खालसा, प्राध्यापक अकरम खान,दीक्षा नंदा समेत सभी को इस उपलब्धि पर बधाई दी। जबकि आर्य कॉलेज के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डॉ. रामनिवास ने बताया फरवरी माह में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का आयोजन होगा, विद्यार्थियों की परीक्षा के बाद हमारे प्रतिभागी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल की तैयारियों में लग जाएंगे और हमें पूरा विश्वास है की वहां पर भी हमारे विद्यार्थी शानदार प्रदर्शन कर अपने कॉलेज जिले व अपने प्रांत का नाम जरूर रोशन करेंगे।

**ये रहे इंटर जोनल युवा महोत्सव के परिणाम**

लूर डांस, पॉप सोंग हरियाणवी, रसिया ग्रुप डांस, ग्रुप डांस जनरल, वन एक्ट प्ले, हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा, सोलो डांस हरियाणवी मेल, सोलो डांस हरियाणवी फिमेल, क्लासिकल डांस सोलो, इंडियन ऑर्केस्ट्रा, माईम, वेस्टर्न इंस्ट्रमेंटल सोलो, वेस्टर्न ग्रुप सोंग, फोक सोंग हरियाणवी सोलो, लाइट वोकल इंडियन, सांग, वाद-विवाद में प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रुप डांस हरियाणवी, कोरियोग्राफी, रिचुअल्स, फॉक इंस्ट्रूमेंटल सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (प्रकशन) इंस्टॉलेशन, संस्कृत भाषण, संस्कृत ड्रामा, ग्रुप सोंग जनरल, ग्रुप सोंग हरियाणवी, में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं मिमिक्री व रंगोली में तृतीय स्थान हासिल किया।

---



नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए डॉ नरेंद्र व यशपाल पंवार।

# कृष्णपुरा क्षेत्र की समस्याओं का हल करेगा निगमः राहुल

- कृष्णपुरा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसो. के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कृष्णपुरा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल यशपाल पंवार व डॉ. नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में नगर निगम कमीशनर राहुल नरवाल से मिला व उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से वार्ड 15 कृष्णपुरा के मेन बाजार व सदानंद सकूल के एरिया में कई गलियों में सीवर लाइन, पीने के पानी की लाइन बिछाने, टूटी हुई गलियों व कृष्णपुरा मैन बाजार में खराब पड़ी टावर लाइट की मरम्मत की मांग की गई। कृष्णपुरा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने आयुक्त नरवाल से कृष्णपुरा क्षेत्र की समस्याओं का हल करने की अपील की गई। वहीं आयुक्त नवारल ने यशपाल पंवार व डॉ नरेंद्र से कृष्णपुरा क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की और आश्वासन दिया कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से करवाया जाएगा, ताकि जनता को किसी भी तरह की कोई समस्या ना हो। इस अवसर पर विनोद कुमार, सुरेश रावल आदि उपस्थित रहे।

## फैंसी नंबर की बोली पांच को

**पानीपत।** एसडीएम मनदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी में वाहनों के रजिस्ट्रेशन से संबंधित सीरिज एच.आर 06बी.ई. चल रही है। कोई भी व्यक्ति इस सीरिज के फैन्सी नम्बर एच.आर.06बी.ई. 1000 लेने के लिए एसडीएम कार्यालय में अपना आवेदन कर सकते हैं। जिसके लिए खुली बोली 5 फरवरी को प्रातः 10 बजे की जाएगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व 50 हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट या नकद 50 हजार रुपए सिक्योरिटी के रूप में जमा करवाने होंगे। अधिक बोली देने वाले को नम्बर अलॉट कर दिया जाएगा।

---

# भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम पर और रोजगार वाले धरने पर: बिजेंद्र

- धरने पर बैठे पटवारियों व कानूनगो को कांग्रेस नेता बिजेन्द्र ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आंदोलनकारी पटवारियों व कानूनगो को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बिजेंद्र कादियान। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में धरने पर बैठे पटवारियों व कानूनगो को समर्थन देने के लिए बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्वमंत्री बिजेन्द्र कादियान बिल्लू पहुंचे। धरने को संबोधित करते हुए बिल्लू कादियान ने कहा कि आज हरियाणा पूरे देश में बेरोजगारी में नंबर वन पर पहुंच चुका है। जिनके पास रोजगार है उन्हें धरना देने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपनी गलत नीतियों से हरियाणा में त्राहि त्राहि मचा रखी है। आम जनता, किसान, मजदूर व सरकारी कर्मचारियों को परेशान होकर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर रखा है। हरियाणा में सबसे अधिक राजस्व जुटाने वाले विभाग के पटवारी और कानूनगो 3 जनवरी से लगातार धरने पर चल रहे हैं। दी रेवेन्यू पटवार एवं कानुनगो एसोसिएशन के साथ कांग्रेस किसी भी आंदोलन के लिए तैयार है। आज धरने का मंच संचालन सचिव दिलावर ने तथा अध्यक्षता जिला प्रधान मुकेश ने की। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी सुधांशु, नरेश कुमार, भीम सिंह, महेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, विजेंद्र कुमार, अशोक कुमार, कानूनगो सुरेंद्र वर्मा, संदीप कुमार, सोमपाल, अमित गहलोत, विवेक चहल, इंतजार, लेखराज व विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### ओबीसी की बैठक आयोजित

**पानीपत।** पुरानी सब्जी मंडी सनौली रोड पानीपत में 11 फरवरी को होने वाले ओबीसी एससी अल्पसंख्यक वोटर जागरूकता सम्मेलन के बारे में तैयारी को लेकर बैठक हुई। राजेंद्र तंवर ने बताया कि पूरे जिले से प्रत्येक गांव में जागरूकता अभियान शुरू कर दिया गया है। प्रत्येक गांव में कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है निगम में पढने वाले सभी गांव का दौरा लख्मीचंद कश्यप अपनी टीम के साथ कर रहे हैं। मीटिंग में राजेश पांचाल प्रदेश अध्यक्ष, दयानंद बैरागी, गोविंद सैनी, राकेश सैनी, लख्मीचंद कश्यप, सूरत सिंह बावलिया व महावीर बावलिया आदि उपस्थित रहे।

### तीन कट्टों के साथ आरोपी को पकड़ा

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने मोहन उर्फ मोनू उर्फ सरपंच पुत्र अमर सिंह निवासी इंद्रा विहार कॉलोनी, पानीपत को तीन कट्टों के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसकी कई युवकों के साथ रंजिश चल रही है। रंजिश के चलते वह करीब दो महिने पहले दो देसी पिस्तौल यूपी से खरीदकर लाया था व एक देसी पिस्तौल तहसील कैंप निवासी एक युवक से 3500 रुपए में खरीदी थी। वहीं आरोपी पर मारपीट के अरोपों में चार थानों में केस दर्ज है।

### नशा सप्लायर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने नशा तस्कर को मादक पदार्थ बेचने के आरोपी साजिद पुत्र यासीन निवासी गांव हरजौला जिला हरिद्वार, उत्तरखंड से गिरफ्तार कर पानीपत लाई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया साजिद ने नशा तस्कर निर्मल पुत्र चंचल सिंह को चरस बेची थी।

### कृमि मुक्ति को दो दिन चलेगा अभियान

**पानीपत।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर उपयुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कुछ जरूरी दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसमें जिले में विशेष तौर पर स्कूलों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व 18 से 24 वर्ष (गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली माताओं को छोडकर) तक की महिलाओं को कृमि मुक्ति के लिए टैबलेट दिए जाएंगे ।

### घर से नगदी व पांच लाख के जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत की प्रहलाद कॉलोनी में किराये के घर में निवास कर रहे मनोज कुमार के घर से चोरों ने नगदी व जेवर चोरी कर लिए।

- घर से 50 हजार रूपये की नगदी व करीब पांच लाख रूपये कीमत के सोने से बने आभूषण चोरी कर ले गए

वहीं, सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में मनोज कुमार ने बताया कि उसकी गिफ्ट गैलरी की शॉप है। 29 जनवरी को वह अपने परिवार सहित शादी में करनाल गया हुआ था। 30 जनवरी की देर रात करीब 1 बजे वह अपने घर वापस लौटा। इस दौरान अज्ञात लोगों ने उनके घर से 50 हजार रूपये की नगदी व करीब पांच लाख रूपये कीमत के सोने से बने आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस ने मनोज की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया और एसएफएल की टीम से भी घटनास्थल की जांच करवाई।

# कांग्रेस सरकार बनने पर होगा पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों का विकास: कुंडू

- जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। कांग्रेस की जनसभा में मंचासीन युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में घर घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस अभियान के तहत्त हलका पानीपत ग्रामीण की गंगाराम कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी की जनहित नीतियों के बारे में लोगों को युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने अवगत करवाया।

वहीं कुंडू ने कहा कि भाजपा सरकार का मकसद केवल सत्ता पाना था। प्रदेश की भोली भाली जनता को झूठे वादे कर सत्ता में आ गए और जनता को किए वादे भूल गए। उन्होंने कहा कि दस साल से राज कर रही भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण पानीपत ग्रामीण हलके की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।

सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पानीपत ग्रामीण हलके का तेजी से विकास करवाया जाएगा। इस अवसर पर लखमी सिंह, बलविंदर जोगी, सुशील कश्यप, प्रदीप शर्मा, महावीर शर्मा, महावीर पुजारी, प्रेम कश्यप, राजेंद्र दरिया सिंह, अनु देवी समेत बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### बिहार प्रवासी नशा तस्कर को पकड़ा

पानीपत। पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने मंगलवार देर शाम समालखा बस अड्डा पर 5 किलो 140 ग्राम अफीम के साथ सुरेंद्र प्रसाद पुत्र मोहन प्रसाद निवासी खपिया गया बिहार को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ध्रुव गोस्वामी की मौजूदगी में सुरेंद्र प्रसाद से अफीम की खेप बरामद की। वहीं आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त अफीम की खेप झारखंड से कम कीमत पर खरीदकर लाया था। अफीम करनाल के असंध, राजौंद व पंजाब में सप्लाई करने जा रहा था। आरोपी बिहार से दिल्ली और वहां से बस में सवार होकर समालखा आया था। इधर, आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में केस दर्ज करवाया गया है। जबकि कोर्ट ने नौ दिन के रिमांड पर सुरेंद्र प्रसाद को पुलिस को सौंपा है, पुलिस आरोपी से जुड़े लोगों को भी पकड़ेगी।

- 5 किलो 140 ग्राम अफीम बरामद, आरोपी नौ दिन के पुलिस रिमांड पर

# रक्तदान कर डॉ.नवीन नैन ने मनाया अपना जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



डॉ नवीन नैन रक्तदान करते हुए।

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा संयोजक डॉ.नवीन नैन भालसी ने पानीपत की सनौली रोड स्थित हैदराबादी हॉस्पिटल में एनएसओ गुरप पानीपत के साथ मिलकर रक्तदान करके अपने जन्मदिन को खास बनाया। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज मेरे लिए बहुत ही खास दिन है। जिसे मैंने नेशनल सोसल ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर रक्तदान किया। सही मायने में किसी जरूरतमंद को जीवन दान करने के लिए दिल से खुशी होती है। वहीं रक्तदान के बाद सेक्टर 25 में आयोजित भागवत कथा में जाकर केक काटकर सभी श्रद्धालुओं प्रसाद बांटकर जन्मदिन मनाया। डॉ.नवीन नैन भालसी ने जन्मदिन पर आई शुभकामनाओं के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

---

रिफाइनरी में नराकास की 49वीं बैठक सम्पन्न

# गर्व के साथ करें हिंदी का प्रयोग: डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत रिफाइनरी में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति यानि नराकास द्वारा पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में 49वीं बैठक का आयोजन एम एल डहरिया अध्यक्ष, नराकास एवं कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख पीआरपीसी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मंचासीनों में अध्यक्ष के साथ शोभना श्रीवास्तव, उपनिदेशक राजभाषा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय एवं तरुण कुमार बिसई मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन उपस्थित थे। इस अवसर पर पीआरपीसी के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं पानीपत स्थित नराकास के सभी 40 सदस्य कार्यालयों के प्रशासनिक प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहें। नराकास के सदस्य सचिव आशुतोष चंद्र झा ने सभी का स्वागत करते हुए छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उत्कृष्ट हिन्दी कार्यान्वयन करने के लिए 3 बड़े व 3 छोटे कार्यालयों को राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया। जबकि डाहरिया ने कहा कि हिंदी को वर्ग के साथ अधिक से अधिक प्रयोग बोलने व लिखने में करना चाहिए।



पानीपत। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

### बीए इकोनॉमिक्स में भाविका ने केयूके में किया टॉप

**पानीपत।** भाविका गुप्ता ने बीए इकोनॉमिक्स ऑनर्स में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा रितिका ने आठवां, ट्वींकल ने दसवां, लिविया ने 11वां और रिशू ने 12वां स्थान हासिल किया। इनमें चार छात्राएं एवं एक छात्र है। पाइट एनसीआर कॉलेज के पांचों छात्र-छात्राओं को कॉलेज परिसर में सम्मानित किया गया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने कहा कि इकोनॉमिक्स क्षेत्र में अगर आपकी रूचि है तो इसमें सफलता की बेहद ज्यादा संभावनाएं हैं। पाइट एनसीआर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज ने बताया कि इससे पहले उनके छात्र.छात्राओं ने यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया है। इस दौरान विभाग की अध्यक्ष पारूल मिश्रा भी मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### पशु क्रूरता के मामले में सात आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अम्बाला क्षेत्र देवी नगर टोल प्लाजा के पास से सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के समय क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाए जा रहे 47 कटडे, 08 कटडी समेत कुल 55 पशुओं व कैन्टर यू0पी011सी0टी0-4308 को कब्जे में लेकर आरोपी नदीम, शाहिद, रिजवान, माजीद निवासी नाकुर जिला सहारनपुर यू0पी0, आरोपी नवीद, हयात निवासी मोहल्ला कुरेशियन गंगौह यू0पी0 व आरोपी मोहम्द फारूख निवासी गंगेरू करैना शामली यूपी को गिरफ्तार कर थाना सदर अम्बाला में मामला दर्ज कर न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया।

### मारने की धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

**मुलाना।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में 30 जनवरी 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल कुमार निवासी गाँव धनौरा अम्बाला जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता रोहित निवासी गाँव धनौरा थाना मुलाना जिला अम्बाला ने 20 दिसम्बर 2023 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### शराब पीने व शांति भंग करने पर एक गिरफ्तार

**मुलाना।** थाना शहजादपुर क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने व आम नागरिकों की शांति भंग करने के मामले में 30 जनवरी 2024 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी संदीप कुमार निवासी गावँ बपोली को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया।

### अवैध शराब की तस्करी करते एक दबोचा

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी के मामले में सी0आई0ए0-2 के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सचिन कुमार निवासी खटीक मण्डी थाना महेशनगर जिला अम्बाला को (12 बोतल) अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### उत्पीडन के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी में दर्ज दहेज उत्पीडऩ के मामले में 30 जनवरी 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राजिन्द्र सिहँ निवासी डी ब्लाक श्याम नगर तिलक नगर दिल्ली को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायकर्ता पीड़ित महिला ने 23 सितम्बर 2023 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी।

### सडक़ दुर्घटना के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज सडक़ दुर्घटना के मामले में 30 जनवरी 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी लालता प्रसाद निवासी जिला अमेठी यूपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता अजय निवासी शाम नगर ने 20 जनवरी 2024 को थाना महेशनगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 03 जनवरी 2024 को सपेड़ा-खुड्डा रोड अम्बाला छावनी के पास आरोपी अज्ञात वाहन चालक द्वारा गलत तरीके से बिना इंडीकेटर चालू किए वाहन को खड़ा करने के कारण उसकी मोटरसाईकिल वाहन में टकराने से वह घायल हो गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च कोः सीजेएम

**जींद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नौ मार्च को जींद स्थित न्यायिक परिसर सहित उपमंडल नरवाना व सफीदों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

## चंडीगढ़ मेयर के चुनाव पर बोले अनिल विज

# आप के कार्यकर्ताओं को वोट डालनी नहीं आती : गृहमंत्री

### लोकसभा चुनावों में हरियाणा की सभी सीटें जीतेगी भाजपा



गृह मंत्री अनिल विज।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में हम हरियाणा की 10 लोकसभा सीटें जीतेगे। उन्होंने कहा कि हमारी सेना हमेशा फील्ड में रहती है और ये कभी भी बैरकों में नहीं जाती है। विज आज मीडियाकर्मियों द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए खोले गए कार्यालयों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से तैयार है और इसलिए गत दिवस राज्य में 10 लोकसभा चुनावों के लिए कार्यालयों का उदघाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि उससे पहले की जो तैयारी करनी होती है और उसके लिए हमारे कार्यकर्ता हमेशा ही तैयार रहते हैं। राहुल गांधी के ब्यान कि हमें नीतीश की जरूरत नहीं है, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने हंसते हुए तंज कसा कि ''अंगूर खट्टे हैं''। उन्होंने कहा कि ''राहुल गांधी जी कल तक तो नीतीश-नीतीश कर रहे थे और अब नीतीश जी एनडीए में वापिस आ गए तो कह रहे हैं कि हमें नीतीश की जरूरत नहीं हैं''। अनिल विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी एक विचार पर नहीं टिकते हैं और उन्हें यह याद नहीं रहता कि कल मैंने क्या कहा था। उनका ज्यादा ध्यान तो स्टोव में कोयले डालकर चाय बनाने में रहता है।

### प्रदेश में हर आदमी अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहाः विज

विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुडडा के ब्यान की भाजपा-जजपा की सरकार ने हरियाणा को अपराध की राजधानी बना दिया है, के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री विज ने कहा कि ''हुडडा साहब को जब से ईडी ने बुलाना शुरू किया है तब से इनमें बहुत ही ज्यादा घबराहट आ गई हैं और ये बिना तथ्यों और बेतूके ब्यान जारी करते है''। विज ने कहा कि आज प्रदेश में हर आदमी अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है, यदि कहीं पर कोई छोटी-मोटी घटना होती है तो पुलिस अपराधियों को पकडकर उनके खिलाफ कार्यवाही करती है।

### जब अपनी वोट डालनी नहीं आती तो दूसरों की मांगने का क्या अधिकार

चण्डीगढ में मेयर के चुनावों को लेकर केजरीवाल द्वारा दिए गए ब्यान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तुम्हारे (आप पार्टी) लोगों को वोट डालनी आती नहीं, फिर वोट मांगने क्यों जाते हो, जब तुम्हें अपनी वोट डालनी नहीं आती तो दूसरों की वोट मांगने का क्या अधिकार है। क्योंकि तुम्हारी (आप पार्टी) वोटें इनवैलिड हुई है।

# कोर्ट ने दो हत्यारोपियों को बरी किया

- अंबाला का बहुचर्चित रणधीर सिंह महुआखेड़ी कत्ल मामला
- बदमाशों ने गवाह पूर्ण सिंह को भी उतारा था मौत के घाट

**हरिभूमि न्यूज, अंबाला**

अंबाला के बहुचर्चित रणधीर सिंह महुआखेड़ी कत्ल मामले में सेशन जज कंचन माही की कोर्ट ने हत्यारोपी राजविंदर उर्फ अन्नू और विकास उर्फ अन्नू को बरी कर दिया है। हालांकि राजविंदर उर्फ अन्नू व विकास उर्फ विक्की रणधीर सिंह के ताऊ के लडक़े पूर्ण सिंह हत्याकांड के भी आरोपी हैं। राजविंदर उर्फ अन्नू और गैंगस्टर विक्की के खिलाफ मर्डर समेत कई मुकदमें दर्ज हैं। राजविंदर उर्फ अन्नू व विकास उर्फ विक्की के केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता मान सिंह ने बताया कि आज कोर्ट ने रणधीर सिंह मर्डर केस में राजविंदर उर्फ अन्नू व विकास उर्फ विक्की को बरी कर दिया है। 13 मई 2018 को रणधीर सिंह का नारायणगढ़ थाना एरिया में गोली व चाकू मारकर मर्डर किया गया था।

**पुलिस साबित नहीं कर पाई किस पिस्टल से हुआ था मर्डरः-** जिस वक्त रणधीर सिंह का मर्डर हुआ उस वक्त आरोपी राजविंदर उर्फ अन्नू यमुनानगर जेल में बंद था। अन्नू पर रणधीर के मर्डर की साजिश रचने के आरोप लगे थे। वहीं, इस हत्याकांड में यूपी के गैंगस्टर विकास उर्फ विक्की का नाम सामने आया था। पुलिस ने आरोपी विक्की को सोहना से गिरफ्तार किया था, जिसके पास से अवैध हथियार व गोलियों का जखीरा बरामद हुआ था।

**पांच साल पहले गवाह पूर्ण चंद का किया था मर्डरः** महुआखेड़ी के रणधीर सिंह हत्याकांड में गवाही देने से पहले ही बदमाशों ने 5 साल पहले पूर्ण चंद (60 साल) को भी गोलियों से छलनी कर दिया था। रात करीब साढ़े 12 बजे हत्यारों ने घर में घुसकर सोते हुए पूर्ण चंद पर पिस्टल से 7 फायर किए थे। एक गोली पूर्ण चंद के सिर के आर-पार हो गई, जबकि दूसरी गोली सीने पर व तीसरी गोली बाजू पर लगी है। मृतक के भाई सुनहरा राम की शिकायत पर पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ षड्यंत्र के तहत हत्या का मामला दर्ज किया था।

# परिवहन मंत्री ने कर्ण गौड़ के निधन पर जताया शोक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा के जिला अध्यक्ष स्वर्गीय कर्ण किशोर गौड़ के दयाल बाग अम्बाला छावनी स्थित निवास पर जाकर उनके आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार जनों को सांत्वना देते कहा कि यह प्रकृति का नियम है कि जो इस संसार में आया है वह संसार को छोड़ कर जाएगा और हमें इसे ईश्वर की मर्जी समझ कर संतोष करना पड़ता है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि दुख कि इस घड़ी में वे परिवार के साथ है। महासभा से राजेश गौड़, विश्वदीप गौड़, संदीप गौड़, बृज किशोर गौड़, तोता राम आदि मौजूद रहे।

# पीएम-सीएम ने ले रखी हेल्थ व एजूकेशन की गांरटीः गोयल

- पुरानी गुड़ मंडी के कार्यक्रम में बोले विधायक असीम गोयल

**हरिभूमि न्यूज, अंबाला**

अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि स्वास्थ्य और पढ़ाई की गारंटी मोदी व मनोहर लाल ने ली है। इसी के तहत हरियाणा प्रदेश में 2 करोड़ 70 लाख की आबादी के तहत 1.50 करोड़ लोगों के आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनाने का काम किया है। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के तहत भारत में हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां पर नौंवी से बारवीं कक्षा के विद्यार्थियों को टैब उपलब्ध करवाए गये हैं और यह संख्या लगभग 5.50 लाख है। विधायक असीम गोयल आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड नम्बर 9 के तहत पुरानी गुड़ मंडी अम्बाला शहर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस मौके पर विधायक ने 8 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजना के तहत प्रमाण पत्र भी वितरित किए। विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित लोगो को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों के लिए खुशहाली लेकर आई है। यह संकल्प जन संवाद यात्रा 30 नवम्बर से शुरू हुई थी जोकि 31 जनवरी तक चलेगी। पूरे दो महीने इस यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओ के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाकर मौके पर ही योग्य लाभपात्रों को योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम भी किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से पिछले साढे 9 वर्षों में देश में जो नये आयाम स्थापित किए गये हैं उसको दर्शाने का काम भी किया गया है। देश व प्रदेश कैसे और तीव्र गति से आगे बढ़े इसको भी दिखाने का काम किया गया है। उन्होने कहा कि पहले चरण में हरियाणा में 14.50 लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया गया था और हरियाणा में मुख्यमंत्री ने इस योजना के साथ चिरायु योजना को जोडकर लगभग 15 लाख आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनाने का काम किया गया है। आयुष्मान/चिरायु से सम्बन्धित लाभार्थी 5 लाख तक का निशुल्क ईलाज सरकारी व प्राईवेट अस्पताल में करवा सककता है। विधायक ने लोगों से भी इस योजना के तहत जो लाभ मिला है उसकी जानकारी हासिल की।





**अंबाला।** कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटते विधायक व उपस्थित जनसमूह। फोटो :हरिभूमि

# गौरव भारद्वाज प्रथम, सिमरनजीत कौर द्वितीय

- जीएमएन कॉलेज में सूचना का अधिकार विषय पर प्रतियोगिता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कॉलेज के लीगल साक्षरता सेल द्वारा सूचना के अधिकार विषय पर डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कॉलेज की कुल 12 टीमों के प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया । कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभाग के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। डॉ . दत्त ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सूचना का अधिकार और न्यायिक साक्षरता के मुद्दे पर जागरूक करना है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सूचना के अधिकार के महत्व को समझने, उसकी आवश्यकताओं पर विचार प्रस्तुत करने और इसके बढ़ते प्रयोग को सांझा करने का एक मंच प्रदान किया गया है ताकि विद्यार्थियों को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी मिल सके। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सरोज बाला एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन जस्मिता के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। प्रथम स्थान पर गौरव भारद्वाज बीकॉम द्वितीय वर्ष एवं बेबी एम.कॉम द्वितीय वर्ष ने हासिल किया। आक्षी बी.ए द्वितीय वर्ष, सिमरनजीत कौर द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान पूजा एम.कॉम द्वितीय वर्ष एवं प्रीति कौर, एमकॉम, साक्षी एम कॉम ने हासिल किया।



**अंबाला।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# डिस्पोजल ऑफ डेड बॉडी बिल से हो रहा लोगों के सवैधानिक अधिकारों का हनन

- मजबूरी में ही कोई करता है अपने प्रियजन के शव के साथ प्रदर्शन
- अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का जरिया

**हरिभूमि न्यूज, अंबाला**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता रोहित जैन ने हरियाणा सरकार मंत्रिमंडल द्वारा 'द हरियाणा ऑनरेबल डिस्पोजल ऑफ डेड बॉडी बिल-2024' पर सवाल उठाते कहा कि यह एक जन विरोधी फैसला है जिससे की परिवार का अपने ही किसी प्रियजन के मृत शरीर पर अधिकार छीनने के तुगलकी फरमान है। जैन ने कहा कि हर व्यक्ति अपने प्रियजन की मृत्यु के उपरांत उसके शरीर का सम्मानजनक तरीके से धार्मिक मान्यताओं व रीति रिवाज के अनुसार क्रिया-क्रम करना चाहता है लेकिन कई बार अपने प्रियजन की मृत्यु कस्टडी, लापरवाही, अन्याय आदि में होने के कारण मृतक के परिजन न्याय के लिए अपनी आवाज उठाने के लिए मजबूरी मे शव के साथ धरना प्रदर्शन करते है और सरकार तक मृतक के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का यह सिर्फ एक मात्र जरिया होता है। परंतु अब भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने इस फैसले द्वारा किसी भी व्यक्ति के मृत शरीर पर उसके परिजनों का अधिकार भी छीन लिया है और शव के साथ धरना-प्रदर्शन या रोड जाम करने पर 6 माह से 5 साल तक कैद व एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान कर तुगलकी फरमान जारी किया हँ।



अधिवक्ता रोहित जैन।

## प्राचीन टिल्ला मंदिर का स्थापना दिवस आज

**हरिभूमि न्यूज, अंबाला**

पुरानी अनाज मंडी स्थित प्राचीन टिल्ला मंदिर में 1 फरवरी को स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस बारे विस्तृत जानकारी देते हुए टिल्ला धीश पीर पारसनाथ जी के उत्तराधिकारी योगी मनसानाथ ने बताया कि इस अवसर पर झंडे की रस्म होगी व प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक सत्संग प्रवचन होंगे व बाद दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन भी किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मंदिर में 9 नाथों की मूर्तियां भी स्थापित हैं। भारत-पाकिस्तान विभाजन के पश्चात शहर की पुरानी अनाज मंडी में 1951 में पीर कलानाथ जी ने बंटवारे के बाद पाकिस्तान से लाकर सिटी की पुरानी अनाज मंडी में गुरुद्वारे के पास गद्दी टिल्ला गुरु गोरक्षनाथ मंदिर की स्थापना की थी। पीर कलानाथ 1920 से 1956 तक यहां गद्दीनशीन रहे। 1956 में उनके कैलाशवास के बाद पीर समुद्रनाथ ने गद्दी को संभाला। 1966 में उनके कैलाशवास के बाद पीर श्रद्धानाथ गद्दीनशीन बने। 1991 में वे भी कैलाशवास हो गए तो उनके शिष्य पारसनाथ गद्दी संभाल रहे हैं।

## सडक़ सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

**अंबाला।** जूनियर रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप के तीसरे दिन पुलिस लाइन स्कूल में सडक़ सुरक्षा एवं नियम विषय पर बच्चों को जागरूक किया गया। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया तथा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी ने बताया कि आज पुलिस विभाग ट्रैफिक से अनिल शर्मा ने बच्चों को सडक़ नियमों व सुरक्षा बारे अवगत कराया। कार्यक्रम में रोड़ सेफ्टी आर्गेनाइजेशन अम्बाला चेयरमैन गौरव मिगलानी, कैप्टन अमरजीत शर्मा, रोहित चौहान, ज्ञान चंद सहगल, राजेश डोगरा, अरुण गोयल ने कार्यक्रम में आकर बच्चों का होसला बढ़ाया।

## रोजगार कार्यालय की ओर से करियर गोष्ठी आयोजित

**अंबाला।** मंडल रोजगार कार्यालय अम्बाला द्वारा 2 फरवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर तथा डिवीजनल इम्पलोएमैंट ऑफिस में मण्डल रोजगार कार्यालय अम्बाला द्वारा कैरियर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान की उप प्रधानाचार्या ज्योति तथा स्टाफ के सहयोग से किया गया। कैरियर विशेषज्ञ के रूप में सिद्धेश सिंह, सहायक रोजगार अधिकारी, अम्बाला ने विद्यार्थियों को अनेक नए व उभरते हुए व्यवसायों की जानकारी दी तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इन करियर वार्ताओं में विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# दहिया माजरा में विवाहिता ने लगाया फंदा

- परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज का लगाया आरोप

**हरिभूमि न्यूज, बराड़ा**

गांव दहिया माजरा में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने मृतका के ससुराल पक्ष पर दहेज को लेकर मारपीट करने व अवैध संबंध के ताने देने के आरोप लगाए। पुलिस ने मृतका के भाई कर्मबीर की शिकायत पर मृतका के पति प्रवेश कुमार, ससुर सुरजन सिंह, जेठ नरेश कुमार, भतीजा रजत, साहिल व ननद मनेशी के खिलाफ धारा 306 व 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जिला यमुनानगर के गांव कुंजल कम्बोयान निवासी कर्मबीर सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी बहन सुखविंदर कौर की शादी दहिया माजरा निवासी प्रवेश कुमार से वर्ष 2012 में की थी। तब उसके माता-पिता ने बहन की शादी में हैसियत से बढक़र दहेज दिया था।

उसकी बहन के पास 2 बेटे हैं, जिनकी उम्र 7 साल व 5 साल है। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसकी बहन को ससुराल पक्षके लोग दहेज को लेकर तंग करने लगे थे व अवैध संबंध का ताना देकर प्रताड़ित करते थे। कर्मबीर सिंह ने बताया कि ससुराल पक्ष के ज्यादा परेशान करने से उनकी बहन कुछ समय से मायके में ही रह रही थी। 4-5 दिन पहले ही उसकी बहन अपनी ससुराल दहिया माजरा में आई थी। 29 जनवरी को उसकी बहन के पड़ोस से फोन आया और उन्होंने बताया कि सुखविंदर कौर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

### दो लाख मांग रहे थे ससुरालियें

मृतका के भाई कर्मबीर सिंह ने शिकायत में कहा कि सुखविंदर के ससुराल के लोग बाइक की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले उन्होंने एक पुरानी बाइक खरीदकर प्रवेश को दी थी व उसके बाद वर्ष 2018 में नई बाईक दी थी। अब वे लोग एक महीने से उसकी बहन के पास से 2 लाख की डिमांड कर रहे थे।

# सरकार खेलों को लगातार दे रही बढ़ावा : राजन

**हरिभूमि न्यूज. जींद**

नेशनल साम्बो चैंपियनशीप मे स्वर्ण पदक विजेता नूर गिल के जींद पहुंचने पर भव्य स्वागत किया और बुढाबाबा बस्ती मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यअतिथि के तौर विधायक कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधी राजन चिल्लाना, जिला खेल अधिकारी कुलदीप रेढू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र मे लडकों से पीछ नही नही है। सरकार लगातार खेलों का बढावा दे रही है। जिसके चलते सभी सुविधा खिलाड़ियों को मिल रही है। साम्बो खिलाडी नूर ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने परिवार का ही नही, स्कूल तथा जिले के साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। उन्हें खिलाडी नूर की उपलब्धी पर गर्व है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान नूर बने यही कामना करते है। उन्होंने खेल कैरियर सवारने के लिए नूर का हर सभव सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम से पूर्व नूर के बुधवार सुबह रेलवे जंक्शन पहुचने पर उन्हे डीजे के साथ जलूस की शक्ल मे गुलाल उडाते हुए खुली जीप मे सम्मान समारोह आयोजन स्थल पर लाया गया। जहां पर लोगों ने नूर को आशीर्वाद दिया। काबिलेगौर है कि हाल ही में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में साम्बो इंडिया एसोसिएशन एसआईए द्वारा नेशनल साम्बो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें राजकीय कन्या वमावि घिमाना की छात्रा नूर ने 51 किलोग्राम भारवर्ग मे स्वर्ण पदक जीता है।



**जींद।** नूर को सम्मानित करते हुए।

### ये रहे मौजूद

स्कूल प्राचार्या पूनम गुप्ता ने कहा कि छात्रा नूर ने छोटी सी आयु में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर स्कूल व जिले का नाम पूरे प्रदेश व देश में रोशन किया है। इस मौक पर यूथ एजूकेशन सोसायटी के अध्यक्ष रमेश सैनी, सचिव किरण गिल समेत काफी सख्या मे लोग मौजूद थे।